# श्याम देते हो सबको सहारा | by Mukesh Kumar

श्याम देते हो उसको सहारा
सच्चे मन से है जिसने पुकारा
बाबा देते हो उसको सहारा
श्याम देते हो सबको सहारा

खाटूवाले श्याम ....साँचा तेरा धाम

तेरा सहारा श्याम सच्चा सहारा
हर कश्ती का श्याम तू ही किनारा
तेरी चौखट पे जो कोई आया
मिलता है तुमसे उसको सहारा
श्याम देते हो उसको सहारा
बाबा देते हो उसको सहारा

तेरे नाम के गुण मैं भी गाऊं
लेके सहरा भव से तर जाऊं
मेरे सर पर सदा हाथ रखना
देना बाबा हमेशा सहारा
श्याम देते हो उसको सहारा
बाबा देते हो उसको सहारा

खाटूवाले श्याम ....साँचा तेरा धाम

तेरे नाम की है रटना लगाईं
दरस दिखाने में देर क्यों लगाईं
देदो दर्शन हे शीश के दानी
तुमसे होता है सबका गुज़ारा
श्याम देते हो उसको सहारा
बाबा देते हो उसको सहारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%ac%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-mukesh-kum/